हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 266 देहरादून, सोमवार, 17 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पुलिस जवानों, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की तैनाती के सम्बन्ध में चर्चा 3

# मुख्यमंत्री धामी ने टिहरी के नागदेवता मंदिर में की पूजा अर्चना और जिले में खोल दी विकास की राह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





टिहरी 16 अप्रैल, 2023 ।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नागथात (बिरौड़) जौनपुर टिहरी गढ़वाल पहुंचकर नागदेवता मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि नागथात बिरोड़ मुंगाथात (अणदणा) अषाड़ थात को पर्यटन क्षेत्र घोषित किया जायेगा। नागथात मन्दिर के प्रांगण का सौंदर्यीकरण एवं विस्तारीकरण किया जायेगा। पुरोला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत डरोगी तक मोटरमार्ग के नव निर्माण की घोषणा की गई। कुकड़सारी से भद्रीगाड़ तक मोटरमार्ग का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत ही पवित्र दिन है जब भगवान नागराजा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और हम बहुत भाग्यशाली हैं, जो हमको इस पावन मौके पर भगवान नागराजा का साक्षात आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि हमारे मेले थोलों का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है और हमारे पूर्वजों की अपनी धरोहर को बचाने में एवं उसके संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, उन्ही के प्रयासों से आज हमारे मेले, त्योहार और संस्कृति जीवित है। राज्य सरकार मेलों के संरक्षण, उत्तराखंड की लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने एवं उसके संवर्द्धन हेतु प्रतिबद्ध है। राज्य के मेले और संस्कृति राज्य तक ही सीमित न रहे इन्हें देश विदेश में पहचान मिले इसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। वैश्विक पटल पर हमारी संस्कृति को एक पहचान मिले इसके लिए भी कार्य कर रहे है। दैवीय स्थानों, पूजा स्थलों, पौराणिक स्थलों को विकसित कर तीर्थाटन और पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे प्रदेश में पर्यटकों एवं चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी और पलायन पर रोक लगेगी। उत्तराखण्ड को देश और दुनिया की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी बनाने के लिए हम निरन्तर प्रयासरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार उत्तराखण्ड के गांवों एवं युवाओं को सशक्त बनाने एवं मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है। हमारे युवा आज उद्यमों को अपना कर हर क्षेत्र में काम कर रहे हैं, वहीं मातृशक्ति स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अनेक उत्पादों का निर्माण कर रही हैं, इन उत्पादों को बाजार मिले इसके लिए प्रयास कर रहे है। सुदुर गांव तक सभी सुविधाएं पहुंच सके इसके लिए कार्य किए जा रहे है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि भगवान नागराजा का यह पौराणिक स्थल नागटिब्बा की तर्ज पर विकसित होकर पर्यटन के मानचित्र पर दर्शित होगा। देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने में सभी का सहयोग प्राप्त होगा और उत्तराखण्ड देश का श्रेष्ठ राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में इस बार पिछले साल से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, उसके लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदारनाथ की धरती से कहा कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा, उस दिशा में आगे बढ़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के कर्त्तव्य पर्थ पर उत्तराखण्ड की 'मानसखण्ड' झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो हमारे लिए गौरव की बात है।इस अवसर पर विधायक धनोल्टी प्रीतम सिंह पंवार, राजपुर विधायक खजान दास, पुरोला विधायक दुर्गेश लाल द्वारा भी सम्बोधित किया गया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री नारायण सिंह राणा, डीसीबी अध्यक्ष सुभाष रमोला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीरा सकलानी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता रावत, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी के.के. मिश्र, सीएमओ मनु जैन, एसडीएम लक्ष्मीराज चौहान सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहे।

# अब गोपेश्वर से देहरादून के लिए चलेगी डायरेक्ट हेलीकॉप्टर सर्विस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 17 अप्रैल : चमोली जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। चमोली में गौचर से तो हेलीकॉप्टर सेवा चलती ही थी लेकिन अब गोपेश्वर से भी आपको देहरादून के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस मिलेगी। खबर है कि गोपेश्वर से देहरादून के लिए नियमित हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होने वाली है। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर हेलीपैड निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके लिए गोपेश्वर के कोठियाल सैण में उद्यान विभाग की 960 वर्ग मीटर भूमि उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण को ट्रांसफर कर दी गई है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की ओर से यहां हेलीपैड के निर्माण के लिए 1.26 करोड़ रुपये की डीपीआर शासन को भेज दी गई है।



आपको बता दें कि चमोली सीमांत जिला है और यहां के लोग लंबे समय से हेलीकॉप्टर सेवा की जरूरत महसूस कर रहे थे। कई बार दुर्घटना होने पर गंभीर घायल मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है। ऐसे में हेलीकॉप्टर सेवा न मिलने के कारण कई मरीज दम तोड़ देते हैं। इस बीच तीर्थयात्रा भी शुरू हो रही हॣ। इस दौरान भी कई तीर्थयात्री देहरादून जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की मांग करते हैं। इसे देखते हुए शासन की ओर से गोपेश्वर के कोठियाल सैण में हेलीपैड निर्माण की योजना बनाई गई है। संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी ने मीडिया को जानकारी दी कि कोठियाल सैण में उद्यान विभाग की 960 वर्ग मीटर भूमि हेलीपैड निर्माण के लिए चुनी गई है। अब लोक निर्माण विभाग की ओर से हेलीपैड निर्माण की डीपीआर शासन को भेज दी गई है। कुल मिलाकर गोपेश्वर क्षेत्र के लोगों के लिए ये अच्छी खबर है।

**MOST URGENT INFORMATION**



As Per God Almighty's will, My Respected Father Sri R.P.SHARMA left for His Heavenly Abode on April 10, 2023.

Shanti Sabha Shall be held
***Date :*** **Sunday, April 23 , 2023**
***Timming :*** **From 3 to 4 P.M.**
***Venue :*** **O.N.G.C. COMMUNITY** CENTRE , OPPO. ONGC KENDRIYA VIDYALAYA, KAULAGARH ROAD, RAJENDRA NAGA, DEHRADUN

***Information By***
**R.K.SHARMA - NISHA SHARMA**
Ex DG, Income Tax, Pune
And
Ex Commissioner of Income Tax, Dehradun

# निर्मल हो गंगा ये हम सबका दायित्व : मुख्यमंत्री






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश , 17 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परमार्थ निकेतन में आयोजित गंगा समग्र अविरल गंगा निर्मल गंगा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अविरल गंगा निर्मल गंगा अभियान के तहत गंगा को स्वच्छ रखने के लिए कार्य किए जा रहे हैं जिसमें गंगा को साफ सुथरा रखने के साथ-साथ जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवनदायिनी मां गंगा के मूल स्वरूप को बचाए रखना हम सबका नैतिक दायित्व है। केंद्र व राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। प्रथम चरण के तहत गंगा में मिलने वाले 132 गंदे नालों के पानी को एसटीपी के माध्यम से स्वच्छ किया गया है। जबकि दूसरे चरण के लिए प्रस्ताव प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि गंगा के साथ साथ उसकी सहायक नदियों पर भी कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, स्वामी चिदानंद जी महाराज, रामाशीष राय सहित स्वच्छ गंगा मिशन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ऑफिस लकी ड्रॉ में मिली 365 दिन की छुट्टी, वो भी सेलरी के साथ !

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट , 17 अप्रैल , क्या हो अगर बॉस आपको कहे कि घर जाओ तनख्वाह मिल जाएगी ? क्या हो अगर ऑफिस में बिना काम किये एक दो दिन नहीं पुरे एक साल यानी 365 दिन तक आपको घर बैठे सेलेरी मिलती रहे ? आप सोच रहे होंगे ऐसा कहाँ होता है भला ... तो ज़रा ठहरिये हुज़ूर हम आपको ऐसी ही एक खबर बता रहे हैं जो चीन की है जहाँ एक शख्स ने ऑफिस पार्टी के दौरान हुए लकी ड्रॉ में एक ऐसा जैकपॉट जीता, जिसके बारे में जानकर पूरी दुनिया हैरान हो गई. उसे ऑफिस से 365 दिन यानी पूरे सालभर की छुट्टी मिली है और वो भी पेड लीव यानी पूरे साल उसे बिना काम के सैलरी मिलती रहेगी.

ऑफिस में काम के साथ-साथ लोगों को छुट्टी की भी जरूरत होती है. इससे मन और दिमाग को रिलैक्स मिलता है, जिससे काम करने में भी मजा आता है. ऐसी कई रिपोर्ट्स हैं, जो कहती हैं कि इंसान जब छुट्टियों के बाद ऑफिस आता है तो उसकी प्रोडक्टिविटी बढ़ जाती है यानी वो अच्छा काम करता है. वीकली ऑफ तो हर ऑफिस में कर्मचारियों को मिलता ही है, लेकिन इसके अलावा भी साल में कई छुट्टियां मिलती हैं, जो वो ले सकते हैं. हालांकि कई कंपनियों में कर्मचारियों को अपनी छुट्टी (पेड लीव) लेने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि चीन में एक शख्स को ऑफिस से 365 दिन की छुट्टी मिली है और वो भी पेड लीव.





आमतौर पर तो किसी प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों को एक बार में 10-15 दिन की ही पेड लीव मिलती है, लेकिन अगर कर्मचारी शादी के लिए छुट्टी ले रहा है तो उसकी छुट्टी को एक महीने के लिए भी बढ़ाया जा सकता है. इसके अलावा मैटरनिटी लीव के बारे में तो आपको पता ही होगा. महिला कर्मचारियों को मैटरनिटी लीव के दौरान कंपनियां 6 महीने की छुट्टी देती हैं और वो भी पेड लीव होती हैं, लेकिन किसी शख्स को सीधे एक साल के लिए पेड लीव मिले, ऐसा तो शायद ही आपने कभी सुना होगा.

# जिंदगी में दोस्तज्यादा है, तो नेगेटिव असर होगा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 17 अप्रैल : जिंदगी में कितने दोस्त जरूरी है? इस पर आपने कभी गौर नहीं किया होगा। पर हाल में आई किताब में दावा किया है कि बहुत ज्यादा दोस्त होना अच्छी बात नहीं है। सोशल मीडिया के दौर में दोस्तों का भारी-भरकम नेटवर्क होना सामान्य है। बहुत सारे करीबी दोस्त होने से आप पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। लोग आपको कम गंभीर समझने लगते हैं। अपनी नई किताब 'फ्रेंडहॉलिक' में एलिजाबेथ ने बताया है कि अच्छी मानसिक सेहत के लिए दोस्त चार से पांच ही बेहतर हैं। इससे ज्यादा हैं, तो फायदा कम या फिर बिल्कुल ही नहीं होता। सात से ज्यादा दोस्त बनाए रखने की प्रवृत्ति को अवसाद के लक्षणों में बढ़ोतरी से जोड़कर देखा जाता है। एलिजाबेथ ने इस तथ्य को खुद से जोड़ा।

दरअसल लॉकडाउन में लंबे वक्त तक उन्होंने अकेलापन महसूस किया। वह कहती हैं, 'इस दौरान मैंने बड़ी संख्या में दोस्त बनाए और उनसे जुड़ी भी रही। पर सभी से संपर्क बनाए रखना मुमकिन नहीं हुआ। बहुतों को तो मैं जानती भी नहीं। इसलिए कुछ लोगों की बुरी दोस्त भी साबित हुई।'एलिजाबेथ कहती हैं, जिन लोगों के लिए आप सब कुछ छोड़ देते हैं। सुबह 4 बजे भी उनके कॉल अटैंड करते हैं। आपको भरोसा रहता है कि संकट में वो आपके साथ खड़े रहेंगे। ऐसे लोग मुट्ठी भर ही होते हैं। सभी से करना जरूरी नहीं है। ज्यादातर लोगों को यह अहसास नहीं होता कि बहुत सारे दोस्त होना सामाजिक संपर्क में बड़ी बाधा है, क्योंकि लोग मान लेते हैं कि आप दोस्ती की जिम्मेदारियां निभाने में कम सक्षम हैं। जर्नल पर्सनालिटी एंड सोशल सायकोलॉजी की स्टडी के मुताबिक लोग ऐसे लोगों से जुड़ना पसंद करते हैं, जिनके कम दोस्त होते हैं। इस तथ्य ने इस बात को गलत साबित किया है कि आपका दायरा बड़ा है तो ज्यादा लोग दोस्ती करना पसंद करेंगे।





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कनखल स्थित शंकराचार्य आश्रम में जगतगुरु शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम से भेंट की एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# देहरादून SSP ने लिया एक्शन 6 सब इन्स्पेक्टरों के हुए तबादले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 17 अप्रैल : देहरादून जिले में एक बार फिर से पुलिस विभाग में कोहराम मच गया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस में एक बार फिर से ट्रांसफर हुए हैं। एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने 6 उपनिरीक्षकों क ट्रांसफर किया है। सभी को तत्काल ज्वाइन करने के लिए कहा गया है। एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने उपनिरीक्षकों का फेरबदल करते हुए 6 सब इंस्पेक्टर का स्थानांतरण किया है। एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने बीते रोज इंद्रा नगर चौकी प्रभारी को लापरवाही बरतने के बाद निलंबित किया था। आज एसएसपी ने सतेंद्र सिंह को इंद्रा नगर चौकी प्रभारी जिम्मेदारी सौंपी है। थाना प्रभारी त्यूनी के उपनिरीक्षक आशीष रबियान को कोतवाली नगर भेजा गया है। उपनिरीक्षक नरेंद्र बिष्ट को थाना त्यूनी से थान प्रेमनगर भेजा गया है। वहीं उपनिरीक्षक विनोद राणा को पुलिस कार्यालय थाना प्रभारी त्यूनी बनाया गया है। उपनिरीक्षक राकेश चौधरी को पुलिस कार्यालय थाना त्यूनी भेजा गया है। उपनरीक्षक सतेंद्र सिंह को थाना प्रेमनगर से चौकी प्रभारी इंद्रा नगर प्रभारी थाना बसंत विहार भेजा गया है। वहीं उपनरीक्षक दुर्गेश कोठियाल को कोतवाली नगर से थाना क्लेमेंट टाउन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने सभी को जल्द से जल्द अपनी नई नियुक्ति पर ज्वाइन करने के लिए कहा है।

# प्रो. डीडी पंत की प्रतिमा व 42 शहीदों के शिलापट का अनावरण

न्यूज वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। डीडी पंत सामाजिक विचार मंच की ओर से रविवार को नैनीताल रोड स्थित डीडी पंत पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्व. प्रो. डीडी पंत की प्रतिमा व राज्य आंदोलन के 42 शहीदों के नाम लिखे शिलापट का अनावरण किया गया। प्रतिमा और शिलापट का अनावरण उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी और मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला ने संयुक्त रूप से किया। वक्ताओं ने शिक्षा एवं उत्तराखंड राज्य निर्माण में विशेष योगदान के लिए स्व. पंत को याद किया। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि राज्य आंदोलनकारियों की भावना एवं शहीदों के सपनों का उत्तराखंड राज्य आज भी नहीं बन पाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खड़क सिंह बगड़वाल, संचालन एनडी तिवारी और एडवोकेट मोहन कांडपाल ने किया। यहां मंच संयोजक भुवन चंद्र जोशी, प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप चौहान, डॉ. बीसी तिवारी, दिनेश नौटियाल, हीरा सिंह बिष्ट, सुरेश जोशी, आनंद सिंह बिष्ट, गोपाल दत्त भट्ट, विनीत लोहनी, श्याम सिंह नेगी, उत्तम सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर कापड़ी, नवीन ममगाई, विजया ध्यानी, मोहनी बंगारी, अशोक बोहरा, मनोज नेगी, रवि वाल्मीकि, काजल खत्री, राजू जोशी, सुरेश जोशी, इंदर सिंह मनराल, जगमोहन सिंह जलाल, महेंद्र सिंह बिष्ट, दिनेश नौटियाल, कमला देवी, मदन मेर, तेज सिंह कार्की, आर्येंद्र शर्मा, डॉ. भुवन तिवारी, जगत सिंह बिष्ट, मोहनी रावत, सुशील उनियाल, त्रिलोक बनोली, प्रकाश जोशी, कौस्तुभ मिश्रा, हेम दुर्गापाल, केसी लोहानी, पुष्पा जोशी, जानकी परगांई, पुष्पा भट्ट, मोहनी देवी, भगवती बिष्ट, महेश चंद्र, भागचंद्र पांडे, गिरीश चंद्र उप्रेती आदि मौजूद रहे।

# पुलिस जवानों, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की तैनाती के सम्बन्ध में चर्चा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 17 अप्रैल , सचिव उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण डा. रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में चारधाम यात्रा विषय पर आगामी 18 व 20 अप्रैल 2023 को प्रस्तावित टेबिल टॉप एवं मॉक अभ्यास में बेहतर समन्वय एवं संचालन हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हेतु ऑनलाइन समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव आपदा प्रबन्धन ने मॉक अभ्यास के दौरान समन्वयक अधिकारियों तैनाती तथा मॉक अभ्यास के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में चर्चा की। इसके साथ ही विभागीय नोडल अधिकारियों के विवरण, सेक्टर ऑफिसर्स, इंसिडेंट कमाण्डर की तैनाती, उनकी लोकेशन, सेटेलाइट फोन नम्बर व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस जवानों, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ तैनाती के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। चारधाम यात्रा मार्ग पर चेक पॉइंटस, जीआइएस प्लेटफॉर्म पर तीर्थ यात्रियों के एन्ट्री तथा एक्जिट पॉइंटस, चमोली, रूद्रप्रयाग व उत्तरकाशी के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान, यात्रा कण्ट्रोल रूम की व्यवस्थाओं, तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाओं, आवश्यक संसाधनों की पूर्व में ही व्यवस्था, एनजीओं व वॉलियंटर्स का लोकेशन के साथ विवरण, यात्रियों के रहने की व्यवस्था, हेलीकॉप्टर सेवाएं, जनजागरूकता रणनीतियां, राहत शिविर, अस्पतालों, एटीएम व पेट्रोल पम्पों की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा की गई।

इस अवसर पर अपर सचिव सविन बंसल तथा आन्नद श्रीवास्तव तथा वर्चुअल माध्यम से उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, चमोली, रूद्रप्रयाग, हरिद्वार के जिलाधिकारी, एनडीआरएफ 15वीं वाहनी गदरपुर उधमसिंह नगर के कमाण्डर, भारतीय वायुसेना के अधिकारी, विभिन्न जिलों के जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।



# इस मामले में ममता नीतीश को सीएम धामी ने पछाड़ा



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 अप्रैल , यूं तो नेता और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारें खूब अमीर होते है। उनकी लाइफस्टाइल ही उनकी नेटवर्थ को कहीं ना कहीं उजागर करती है। ऐसे में अब नेताओं के आपराधिक इतिहास और संपत्ति पर नजर रखने वाले एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक लिस्ट जारी की है। जिसमें देश के 30 मुख्यमंत्रियों की संपत्ति का खुलासा किया गया है। हैरानी की बात ये है कि इस 30 मुख्यमंत्रियों की लिस्ट में 30 करोड़पति और एक मुख्यमंत्री की संपत्ति लाखों में है। उत्तराखंड मुख्यमंत्री की बात करें तो इस लिस्ट में पुष्कर सिंह धामी 4 करोड़ की सम्पत्ति के साथ दिग्गज ममता बनर्जी और कई बार के सीएम नितीश कुमार और आप सुप्रीमो अरविन्द केजरीवाल से ऊपर नज़र आ रहे हैं।

लिस्ट में सबसे अमीर मुख्यमंत्री आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी है। उनके पास कुल 510 करोड़ रुपए की संपत्ति है। वही पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के पास सिर्फ 15 लाख की संपत्ति है। इसी के साथ बता दें कि मुख्यमंत्रियों की औसत संपत्ति 33.96 करोड़ रुपये है। इस लिस्ट में दिए गए नामों में ज्यादातर मुख्यमंत्री इस वक़्त भारतीय जनता पार्टी के हैं।

| मुख्यमंत्री | राज्य | कुल संपत्ति |
|---|---|---|
| जगन मोहन रेड्डी | आंध्र प्रदेश | 510 करोड़+ |
| पेमा खांडू | अरुणाचल प्रदेश | 163 करोड़+ |
| नवीन पटनायक | ओडिशा | 63 करोड़+ |
| नेफियू रियो | नागालैंड | 46 करोड़+ |
| एन रंगासामी | पुडुचेरी | 38 करोड़+ |
| के चंद्रशेखर राव | तेलंगाना | 23 करोड़+ |
| भूपेश बघेल | छत्तीसगढ़ | 23 करोड़+ |
| हिमंत बिस्वा सरमा | असम | 17 करोड़ + |
| कोनराड संगमा | मेघालय | 15 करोड़+ |
| माणिक साहा | त्रिपुरा | 13 करोड़+ |
| एकनाथ शिंदे | महाराष्ट्र | 11 करोड़+ |
| प्रमोद सावंत | गोवा | 9 करोड़+ |
| बसवराज बोम्मई | कर्नाटक | 8 करोड़+ |
| एमके स्टालिन | तमिलनाडु | 8 करोड़+ |
| हेमंत सोरेन | झारखंड | 8 करोड़ + |
| भूपेंद्र पटेल | गुजरात | 8 करोड़+ |
| भूपेंद्र पटेल | गुजरात | 8 करोड़+ |
| सुखविंदर सिंह | हिमाचल प्रदेश | 7 करोड़+ |
| भूपेंद्र पटेल | गुजरात | 8 करोड़+ |
| सुखविंदर सिंह | हिमाचल प्रदेश | 7 करोड़+ |
| शिवराज सिंह चौहान | मध्य प्रदेश | 7 करोड़ + |
| अशोक गहलोत | राजस्थान | 6 करोड़ + |
| पुष्कर सिंह धामी | उत्तराखंड | 4 करोड़ + |
| प्रेम सिंह तमांग | सिक्किम | 3 करोड़+ |
| ज़ोरमथांगा | मिजोरम | 3 करोड़+ |
| अरविंद केजरीवाल | दिल्ली | 3 करोड़+ |
| नीतीश कुमार | बिहार | 3 करोड़ + |
| भगवंत मान | पंजाब | 1 करोड़+ |
| योगी आदित्यनाथ | उत्तर प्रदेश | 1 करोड़ + |
| एन बिरेन सिंह | मणिपुर | 1 करोड़ + |
| मनोहर लाल खट्टर | हरियाणा | 1 करोड़ + |
| पिनाराई विजयन | केरल | 1 करोड़ + |
| ममता बनर्जी | पश्चिम बंगाल | 15 लाख + |





मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा - अर्चना कर प्रदेश एवं प्रदेशवासियों के सुख- समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शुभ मंगल चारधाम सेवा समिति द्वारा आयोजित सुंदरकांड में भी प्रतिभाग किया।

# नैनीताल में बाहर से आने वाले पर्यटक ध्यान दें, पढ़िए नया रूट प्लान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



नैनीताल 17 अप्रैल : इस बार नैनीताल में बड़ी संख्या में पर्यटकों के उमड़ने की संभावना है। ऐसे में अगर आप भी हल्द्वानी या कैंची धाम आने का प्लान बना रहे हैं तो इस खबर को अंत तक पढ़ें। लॉन्ग वीकेंड की वजह से देखते हुए।जगह-जगह जाम न लगे, इसके लिए हल्द्वानी के साथ ही कैंची धाम मार्ग पर भी रूट डायवर्जन किया गया है। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि यात्रियों व पर्यटकों को कोई परेशानी न हो, इसलिए रूट बदला जा रहा है। चलिए आपको पूरा रूट प्लान बताते हैं, ताकि आपको भी ट्रैवलिंग के वक्त कोई समस्या ना हो और ल आप आराम से बताए गए रूट के अनुसार ही अपना प्लान बना सकें।

रामपुर रोड से आने वाले यात्री वाहन शीतल होटल तिराहा से तीन पानी व गौला बाइपास को जाएंगे। वहीं बरेली रोड से आने वाले यात्री वाहन तीन पानी से गोला बाईपास होकर नैनीताल व भीमताल-भवाली से अल्मोड़ा को जाएंगे।रामपुर रोड से आने वाले वाहन पंचायत घर तिराहे से आरटीओ रोड को जाएंगे।

बरेली रोड से आने वाले वाहन मोतीनगर से गन्ना सेंटर तिरहा होकर पंचायत घर से आरटीओ रोड को जाएंगे। नैनीताल से आने वाले यात्री वाहन ज्योलिकोट से काठगोदाम होते हुए जाएंगे। टनकपुर, खटीमा, चोरगलिया रोड से आने वाले वाहन खेड़ा तिराहे से स्टेडियम रोड होकर मोतीनगर से पंचायत घर होकर आरटीओ रोड को जाएंगे। नौकुचियाताल, सातताल, भीमताल जाने वाले वाहन काठगोदाम अमृतसर को जाएंगे। मुक्तेश्वर और कैंची धाम जाने वाले यात्री वाहन ज्योलीकोट भवानी मार्ग से होकर जाएंगे।

# डॉ मनमोहन चौहान को कुमाऊँ विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 अप्रैल , प्रो एनके जोशी कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल का श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर चयन होने के फलस्वरूप उनके द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2023 को दिया गया त्यागपत्र कुलाधिपति और राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से नि) गुरमीत सिंह द्वारा स्वीकार कर लिया गया है । राज्यपाल द्वारा पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान को कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त दायित्व प्रदान किया गया है । डॉ चौहान की नियुक्ति कुमाऊं विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा 6 माह, जो भी पहले हो तक के लिए की गई है।

# सचिवालय-ए ने जीता अंतर सचिवालय क्रिकेट टूर्नामेंट

देहरादून। अंतर सचिवालय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइलन सचिवालय-ए ने जीता। टीम ने सचिवालय विंग्स को सात विकेट से शिकस्त दी। टकराज को बेस्ट बॉलर और सुंदर को बेस्ट बल्लेबाज चुना गया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में रविवार को फाइनल मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिवालय विंग्स 19.4 ओवरों में 97 रन पर ही ऑल आउट हो गई। संजय जोशी ने 24 और दिनेश जड़धारी ने 19 रन बनाए। सचिवालय-ए की ओर से तुलसी और टिक राज ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय-ए ने 15.1 ओवरों में सात विकेट से जीत हासिल कर दी। हरीश सैनी ने नाबाद 37, दीपक जोशी ने 29 और टीएच खान ने 15 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच हरीश सैनी और फाइटर ऑफ द मैच संजय जोशी रहे। हरीश सैनी बेस्ट फील्डर, सागर बेस्ट कीपर, सचिवालय लायंस फेयरप्ले, राजेश वर्मा स्प्रिट ऑफ द टूर्नामेंट, हरीश सैनी मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

# पहाड़ की बेटियों को सेल्फ डिफेन्स सीखा रही देवभूमि की धाकड़ IPS श्वेता चौबे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





पौड़ी , 17 अप्रैल , प्रदेश की अनुभवी आईपीएस और पौड़ी गढ़वाल की पुलिस कप्तान श्वेता चौबे जब जिस जिले में ज़िम्मेदारी सम्हालती हैं अपने नए नए प्रयोग और जन सामान्य के बीच जन जागरूकता के कार्यकर्मों से सुर्खियां बटोरती हैं। देहरादून , चमोली और अब पौड़ी में उनके मिशन का अहम हिस्सा बना है अपराध मुक्त उत्तराखंड के लिए पहाड़ की बेटियों को आत्म निर्भर और आत्म रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार करना ....

**Self Defence Training का दिया जा रहा प्रशिक्षण**

इसके पहले भी राज्य में उत्तराखंड मित्र पुलिस की छवि को आम जनमानस में भरोसे और सहयोगी के रूप में जोड़ने के लिए उन्होंने कई कामयाब अभियान आगे बढाए हैं ... "एक साझू प्रयास पुलिस वाला गुरूजी का साथ₹ यानि ₹आपका और पुलिस का सामूहिक प्रयास₹ की थीम पर थानों पर नियुक्त समस्त हेल्प डेस्क कार्मिकों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्राओं को जागरूक करने और आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए उन्होंने निर्देशित किया है।

योजना को साकार करते हुए महिला हेल्प डेस्क कालागढ़ पुलिस टीम राजकीय इण्टर कालेज कालागढ़ में जाकर छात्राओं को जागरूक कर रही है जिसमें उन्हें कई जानकारियां भी दी जा रही है।

पोक्सो एक्ट/Legal Rights के बारे में जानकारी दी गयी, जिससे छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी होगी। सोशल साइट्स (फेसबुक इन्टाग्राम आदि) पर असामाजिक तत्वों द्वारा फेक आईडी बनाकर छात्राओं के साथ ब्लैकमेल जैसी घटनायें की जाती हैं, इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिये छात्राओं को साईबर सेफ के बारे में जानकारी दी गयी। Self Defence Training / UAC (Un Armed Combat) का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे स्कूली छात्राओं में सुरक्षा की भावना जागृत होगी एवं जो उनको विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी से सामना करने में सहायक होगी। छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध, गुड टच बेड टच, साइबर अपराध, डायल-112, साइबर हेल्पलाइन-1930, नशा उन्मूलन और उत्तराखण्ड पुलिस एप के गौरा शक्ति मोड्यूल में सेल्फ रजिस्ट्रेशन करने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान INDIASTAR PACMACHINE पुरस्कार से सम्मानित













**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुंबई, 17 अप्रैल , पैकेजिंग क्षेत्र में सबसे बड़े अवार्ड में से एक इंडियास्टार एंड पैक मशीन 2022 का शानदार आयोजन हुआ. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग ने इंडियास्टार और पैक मशीन अवाड्र्स, पैकेजिंग उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार का आयोजन किया। आधिकारिक पुरस्कार वितरण समारोह 14 अप्रैल, 2023 को नेस्को सेंटर, गोरेगांव, मुंबई में आयोजित किया गया। उद्योग और सम्बंधित क्षेत्र के लगभग 400 सदस्य, पुरस्कार विजेता इस समारोह में उपस्थित हुए। श्री योगेश मिश्रा, कार्यकारी निदेशक - हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और आपूर्ति श्रृंखला, दक्षिण पूर्व एशिया, यूनिलीवर के प्रमुख श्री श्रीनिवास राव, आपूर्ति श्रृंखला, सन फार्मा के वैश्विक प्रमुख, दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान को INDIASTAR और PAC-MACHINE पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आईआईपी के अध्यक्ष श्री वागीश दीक्षित ने कहा, "भारतीय पैकेजिंग संस्थान के लिए पैकेजिंग इंडियास्टार और पैक मशीन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों का आयोजन करना गर्व का क्षण है। ये आयोजन संस्थान के इतिहास में एक प्रमुख मील का पत्थर हैं और भारतीय पैकेजिंग उद्योग के लिए अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार करने के लिए एक संबल बने हुए हैं। INDI-ASTAR और PACMACHINE पुरस्कार पैकेजिंग और इसके संबंधित उद्योगों में भारतीय उद्योग की क्षमताओं को प्रदर्शित करते हैं और नवीनतम पैकेजिंग सामग्री, मशीनरी, उपकरण और सेवाओं से रोमांचक प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ को दर्शाते हैं। हम महामारी के बाद के युग में बहुत उच्च गुणवत्ता वाली प्रविष्टियों को देखकर बहुत खुश हैं और ये हमारे पैकेजिंग के क्षेत्र में पुरस्कारों के महत्व को दर्शाती हैं। मैं पुरस्कार समारोह में सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देता हूं। मुझे यकीन है कि यह कार्यक्रम आने वाले समय में बोर्ड भर में और भी अधिक नवाचार और विचार को प्रोत्साहित करेगा।

# धूमधाम से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। संयुक्त मई दिवस समारोह समिति की बैठक में एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिन मजदूर यूनियनें मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सरकार को भेजेगी। रविवार को बैठक गांधी में बैठक वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कामरेड एसएस रजवार की अध्यक्षता में हुई। सीटू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने कहा कि मई दिवस पर विभिन्न यूनियनें प्रातः आपने कार्यालयों और कार्यस्थलों पर झंडा रोहण कर मई दिवस के शहीदों को याद करते हुए श्रधांजलि अर्पित करेंगे, इसके बाद विचार गोष्ठियां होंगी। मुख्य कार्यक्रम परेड ग्राउंड से शुरू होगा, सरकार को मजदूरों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी दिए जाएंगे। कार्यक्रम में बैंक, बीमा, रक्षा क्षेत्र की विभिन्न यूनियनें शामिल होंगी। इस मौके पर एटक के प्रांतीय महामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि आज की परिस्थितियों में मई दिवस और भी अधिक प्रसांगिक हो गया है, जब हमारे देश की सरकार श्रम कानूनों को जो कि बड़ी कुर्बानियों से हासिल हुए थे, उनको समाप्त करने जा रही है, जिसका मजदूर वर्ग पुरजोर विरोध कर रहा है। इस मौके पर सीटू के उपाध्यक्ष भगवंत पायल, जगदीश चन्द्र छिम्मवाल, जगदीश कुकरेती, विनय मित्तल, नरेंद्र कुमार सैनी, रविन्द्र नौडियाल, राजेश धामी, दयाकिशन पाठक, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, अनिल उनियाल, नीरज शर्मा, चंदन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार नायक, लक्ष्मी नारायण भट्ट, चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## उत्थान मंच की कार्यकारिणी भंग

हल्द्वानी। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल ने मंच की कार्यकारिणी भंग कर जल्द नई कार्यकारिणी गठित करने की बात कही। उन्होंने यह जानकारी मीडिया को जारी एक बयान में दी। मंच कार्यकारिणी व आम पर्वतीय जन की ओर से संस्था को वर्तमान में सुचारू रूप से संचालित न करने के कारण संस्थापक अध्यक्ष से नई कार्यकारिणी गठित करने का निवेदन किया था। बताया संस्था पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। जिससे कार्यकारिणी को भंग कर दिया है। नई कार्यकारिणी गठन तक बैंक संबंधी कार्य पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील

हल्द्वानी। ईद-उल फितर को लेकर रविवार को सीओ बलजीत सिंह भाकुनी ने कोतवाली परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की और सुझाव लिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की हिदायत दी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, एसएसआई अनीश अहमद, सभासद प्रतिनिधि डॉ. जफर सैफ़ी, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शक़ील अहमद अंसारी, कांग्रेस नेता ताइफ़ खान, सभासद अज़मल, सभासद गुलाम सादिक़, प्रधान मोहम्मद ताहिर, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष मोहम्मद शाकिर सैफ़ी, पूर्व सभासद नदीम कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## महंगाई पर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

हल्द्वानी। कांग्रेस नेता और कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव नजाकत अली ने कहा कि आम जरूरत की चीजें बिजली-पानी, गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, सीवर, पठन सामग्री आदि पर लगातार टैक्स बढ़ाकर जनता को महंगाई के बोझ से दबाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ देवभूमि की संस्कृति के खिलाफ शराब के दामों में कटौती की जा रही है। वहीं कॉपी-किताबें भी महंगी कर दी हैं। राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लोकतंत्र को समाप्त कर अभिव्यक्ति की आजादी छीन रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस प्रकार से देश की जनता की आवाज को उठा रहे हैं उससे भाजपा परेशान है।

# शहीदों के सम्मान में सड़क व स्कूलों के होंगे नाम : धामी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आईटीबीपी के आईजी संजय गुंज्याल के नेतृत्व में आईटीबीपी के अधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने आईटीबीपी से संबंधित विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी द्वारा संचालित कार्यों की सराहना करते हुए आईटीबीपी से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर राज्य सरकार के स्तर पर होने वाली कार्यवाही में शीघ्रता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेट शहीद टीकम सिंह नेगी की पत्नी को सेवायोजित किये जाने के संबंध में भी कहा कि इस प्रकरण में भी राज्य सरकार पूरी तरह से शहीद के परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश सेवा में संलग्न सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों से संबंधित कार्यों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा उन्होंने देश सेवा के लिये सवोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के सम्मान में सड़क व स्कूलों आदि के नाम उनके नाम पर रखे जानी की बात कही।आईजी गुंज्याल ने मुख्यमंत्री से आईटीबीपी के फ्रंटियर हेडक्वार्टर के लिये भू परिवर्तन की स्वीकृति तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बार बदरीनाथ, केदारनाथ में कपाट बंद होने के बाद सुरक्षा की जिम्मेदारी आईटीबीपी को सौंपी गयी थी। उन्होंने बॉर्डर आउटपोस्ट से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण का अनुरोध भी मुख्यमंत्री से किया तथा बताया कि उत्तराखण्ड के निवासियों का आईटीबीपी में सक्रिय योगदान रहा है। इस अवसर पर डी.आई.जी. रंजीत राणा, डी.आई.जी. मनु महाराज, डी.आई.जी. आर.के. वर्मा, डी.आई.जी. आर.के. नरवाल, सेनानी पीयूष पुष्कर, अरूण रौथाण तथा पी.आर.ओ राजीव नेगी भी उपस्थित थे।

# मित्र को मंत्री बनने की बधाई : सतपाल महाराज



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 अप्रैल , नेपाल में अपने मित्र के विदेश मंत्र बनने पर उत्तराखंड सरकार के वरिष्ठ मंत्री सतपाल महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त की है ।

देहरादून में एक बयान जारी करते हुए प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने नेपाली कांग्रेस के नेता और अपने मित्र नारायण प्रसाद सऊद के नेपाल के नये विदेश मंत्र बनने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट अध्यक्ष माधव कुमार के इस कदम को स्वागत योग्य बताते कहा कि नारायण प्रसाद सऊद के विदेश मंत्री बनने से भारत-नेपाल के रिश्ते और मजबूत होंगें।

# गेहूं के मूल्य के अलावा ट्रांसपोर्ट बारदाने का भुगतान अलग से होगा : युगल किशोर पन्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रूद्रपुर , 17 अप्रैल , प्रबन्ध निदेशक टीडीसी एवं जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में रबी 2022-23 बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्पादित बीज मात्रा के अन्तः ग्रहण दरों के निर्धारण के सम्बंध में टीडीसी को 243वीं निदेशक मण्डल की उपसमिति की बैठक जिलाधिकारी के शिविर कार्यालय (कैम्प ऑफिस) में आवश्यक बैठक आहूत की गई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 17 अप्रैल से एक बारगी भुगतान(One time payment) के अंतर्गत 2375/प्रति कुन्तल एवं अग्रिम भुगतान (Advance payment) के अंतर्गत 87% रिकवरी के आधार पर 2150/प्रति कुन्तल के दर से गेहूँ खरीद प्रारंभ किया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों को गेहूं के मूल्य के अलावा ट्रांसपोर्ट एवं बारदाने का भुगतान अलग से किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गेहूँ खरीद के लिए उक्त दर निर्धारित किया गया है, भविष्य में बाजार के मूल्य में गिरावट आई तो उक्त दरों पर पुनः विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस किसान का गेहूँ उक्त दरों पर क्रय किया जाएगा उसका भुगतान उक्त दरों पर ही किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बाद में क्रय किये गए गेहूँ का भुगतान पुनः विचार करने के उपरान्त निर्धारित किये जाने वाले दरों पर किया जायेगा। बैठक में मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य बीज उत्पादक अधिकारी दीपक पाण्डे,बीज उत्पादक अधिकारी बीसी बर्मठा, उदय राम सिंह, बीज विपणन अधिकारी दिगम्बर प्रसाद, डायरेक्टर मुकुल महेश्वरी, अंकुर पपनेजा, डॉ अजीत सिंह नैन आदि उपस्थित थे।




# उत्तराखंड में इन जिलों में भीषण गर्मी और धूल भरी आंधी की चेतावनी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 17 अप्रैल : उत्तराखंड में गर्मी लोगों को बड़ा सता रही है। पूरी मार्च झमाझम बरसात के बाद अब उत्तराखंड में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं।पहाड़ से मैदान तक पारा बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इससे तापमान में और अधिक वृद्धि हो सकती है। हालांकि, कुछ पहाड़ी इलाकों में बादल छाने के साथ-साथ हल्की बारिश की भी संभावना है। वहीं, मैदानों में धूल भरी आंधी चलने की भी चेतावनी है। देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर जिलों के मैदानी क्षेत्रों में धूल भरी आंधी लोगों को परेशान कर सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले कुछ दिन मैदानी क्षेत्रों में पारा सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक अधिक बना रह सकता है।

ऐसे में लोगों को झुलसाने वाली गर्मी का एहसास होगा। जबकि, पर्वतीय क्षेत्रों में आने वाली 17 और 18 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की बौछारों और ओलावृष्टि की चेतावनी है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं। बता दें कि राज्य में बीते कुछ दिनों से गर्मी का प्रकोप जारी है। राजधानी देहरादून में भी भीषण गर्मी पड़ रही है। बीते दिन दून में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक इस बार गर्मी लोगों को बेहद सताएगी। 17 एवं 18 अप्रैल को हल्की बरसात की वजह से लोगों को गर्मी में थोड़ी राहत मिल सकती है।



# 2852 करोड़ रूपये की सम्पत्ति को आग से बचाया गया : अशोक कुमार, डीजीपी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 अप्रैल , अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान पुलिस लाईन देहरादून में फायर सर्विस द्वारा शौर्य का प्रदर्शन कर डेमो दिखाया गया, इस अवसर पर अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड बतौर मुख्य अतिथि रहे । फायर सर्विस द्वारा पुलिस लाईन देहरादून में ऑयल फायर, घरेलू एलपीजी सिलेण्डर में लगी आग, इण्डस्ट्रीयल हैजार्ड में क्लोरीन गैस लीकेज, हाईराइज बिल्डिंग से रेस्क्यू का डेमों देने के साथ-साथ पानी से तिरंगा बनाकर सबका मन मोहा ।पुलिस महानिदेशक द्वारा बताया गया कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा सदैव फर्स्ट रिसपोन्डर के रुप में कार्य करता है, फलस्परूप फायर सर्विस द्वारा विगत वर्षों में हजारों जीवन एवं करोड़ों रूपये की सम्पत्ति को बचाना सम्भव हुआ है, उत्तराखण्ड बनने से अब तक 2852 करोड़ रूपये से भी अधिक सम्पत्ति को आग से बचाने के साथ-साथ 38141 फायर कॉल एवं 5748 रेस्कयू कॉल के दौरान 16237 मनुष्यों एवं 4319 पशुओं के जीवन के बचाया है।

फायर सर्विस अग्निशमन कार्य करने साथ-साथ रेस्क्यू कार्य, राहत बचाव कार्य, वीवीआईपी/वीआईपी ड्यूटी, कानून व्यवस्था में अग्निसुरक्षा ड्यूटी, विभिन्न मेला आयोजनों में अग्निसुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी, विभिन्न संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था एवं अग्नि निवारण के उपाय इन सब जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल में ही त्यूनी में एक दर्दनाक अग्निकाण्ड में 04 चार मासूम बच्चों का चले जाना बड़ा ही पीड़ादायक रहा है, इस घटना से एक बार पुनः हमें आग के प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता प्रतीत हुई है । इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है । सम्बोधन के दौरान पुलिस महानिदेशक द्वारा उद्योगों, वाणिज्यिक परिसरों, शैक्षणिक संस्थानों एवं बहुमंजिला इमारतों आदि में कार्य करने वाले व्यक्तियों के साथ ही विभिन्न संस्थानों/प्रतिष्ठानों के भवन स्वामियों से सुरक्षित समाज सुनिश्चित करने के लिए अग्नि सुरक्षा मानदंडों का पालन करने की अपील की गई, क्योंकि फायर सेफ्टी में निवेश न केवल आपकी एवं राष्ट्र की सम्पत्ति बचाने के लिए आवश्यक है अपितु आपकी एवं आपके परिवार की जान बचाने के लिए भी जरूरी है ।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक फायर सर्विस नीरू गर्ग द्वारा वर्ष 2022 की उपलब्धियों में बताया गया कि उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा 1829 फायर कॉल एवं 464 रेस्कयू कॉल के दौरान 603 मनुष्यों एवं 115 पशुओं के जीवन को बचाने के साथ-साथ 125 करोड़ रूपये से भी अधिक सम्पत्ति को आग से बचाया है। इसके अतिरिक्त फायर सर्विस द्वारा प्रति वर्ष 10 हजार से अधिक वीवीआईपी/वीआईपी व कानून व्यवस्था एवं अन्य ड्यूटियाँ सम्पादित की जाती हैं। साथ ही अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा विगत वर्ष विभिन्न संस्थानों में अग्निसुरक्षा पर मॉक ड्रिल एवं जन जागरूकता कार्यक्रम कर 01 लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है ।इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अमित कुमार सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक डॉ0 वी मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक ए0पी0 अंशुमान सहित पुलिस के सभी उच्च अधिकारी एवं इण्डस्ट्रीयल व होटल ऐसोसिएशन के पदाधिकारी गण, एनसीसी कैडेट्स, सिविल डिफेंस आदि लोग उपस्थित रहे ।

## संपादकीय



### प्रधानमंत्री का आह्वान

भारत समेत समूची दुनिया में जलवायु संकट के समाधान तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कोशिशें हो रही हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वैश्विक संघर्ष को व्यापक जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है. उन्होंने कहा है कि अगर हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन के सामान्य प्रयासों की शक्ति को समझ लेंगे, तो पर्यावरण पर इसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा. प्रधानमंत्री मोदी ने ये बातें विश्व बैंक द्वारा आयोजित विश्व नेताओं के एक आभासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही. इस सम्मेलन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने में व्यक्तिगत व्यवहार के महत्व को रेखांकित करना है. धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने, कार्बन उत्सर्जन को घटाने तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि करने के वैश्विक प्रयास जोरों पर हैं. जलवायु संकट को लेकर विभिन्न स्तरों पर बैठकें होती हैं, योजनाएं बनायी जाती हैं और उन्हें फलीभूत करने के लिए गतिविधियां होती हैं. इन कोशिशों के अच्छे नतीजे भी आने लगे हैं. पर, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया है, दुनियाभर में लोग संबंधित मसलों के बारे में सुनते रहते हैं और चिंतित भी होते हैं, लेकिन आम तौर उन्हें इस बात की जानकारी नहीं होती कि वे इन प्रयासों में क्या योगदान कर सकते हैं. लोगों को यह भी अहसास दिलाया जाता है कि जलवायु संकट के समाधान में सरकारों या वैश्विक संस्थाओं की ही भूमिका होती है. यदि लोगों को यह जानकारी दी जाये कि वे भी मददगार हो सकते हैं, तो उनकी चिंताएं सक्रियता में बदल जायेंगी. प्रधानमंत्री मोदी ने इस आयोजन के लिए विश्व बैंक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि व्यवहार में बदलाव उनके दिल से जुड़ा हुआ मामला है और उन्हें इसे एक वैश्विक आंदोलन बनते हुए देखना अच्छा लग रहा है. उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में बीते वर्षों में अनेक कार्यक्रमों को जन आंदोलन बनाया है. उदाहरण के लिए, स्वच्छ भारत अभियान में जहां सरकारी निकाय योगदान कर रहे हैं, वहीं लोग भी अपने आस-पड़ोस, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ रखने को अपना कर्तव्य समझने लगे हैं.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# इन्दिरेश अस्पताल में मरीज़ को लगा दुनिया का सबसे छोटा पेसमेकर

## मेसमेकर का वजन 2 ग्राम - साइज़ में विटामिन कैप्सूल के बराबर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 अप्रैल , श्री महंत इन्दिरेश असप्ताल के कॉर्डियोलॉजी विभाग में ह्दयरोगी को दुनिया का सबसे छोटा लीडलैस पेसमेकर लगाया गया। 45 वर्षीय महिला को लंबे समय से ह्दय रोग की समस्या थी।

कॉर्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ (कर्नल) सलिल गर्ग व उनकी टीम ने पेसमेकर माइक्रा इम्प्लांट प्रोसीजर कर महिला ह्दय रोगी का सफल उपचार किया। श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने कॉर्डियोलॉजी की टीम को बधाई दी। मरीज को पहले से एक पेसमेकर लगा हुआ था। संक्रमण की वजह से उस पेसमेकर को हटाया गया। डॉक्टरों के सामने नया पेसमेकर लगाए जाने की चुनौती थी। माइक्रा ट्रांसकैथेटर पेसिंग सिस्टम लगाकर मरीज़ का सफलतापूर्वक कॉर्डियक उपचार किया गया।



**मेडिकल साइंस में इसे माइक्रा ट्रांसकैथेटर पेसिंग सिस्टम कहते हैं**

श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के वरिष्ठ कॉर्डियोलॉजिस्ट एवम विभागाध्यक्ष डॉ (कर्नल) सलिल गर्ग ने जानकारी दी कि इस मेसमेकर का वजन मात्र 2 ग्राम है व साइज़ में यह पेसमेकर एक बड़े विटामिन कैप्सूल के आकार के बराबर है। मेडिकल साइंस में इसे माइक्रा ट्रांसकैथेटर पेसिंग सिस्टम कहते हैं। दुनिया के ब्रेडिकॉर्डिया के रोगियों के लिए यह मेसमेकर विश्व का सबसे छोटा पेसमेकर है। अभी तक यह पेसमेकर लगाने की सुविधा देश के मैट्रों शहरों के नामचीन अस्पतालों में ही उपलब्ध थी। अब श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में यह सेवा उपलब्ध होने से मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। ईसीएचएस, ईएसआई व सीजीएचएस ब्रेडिकॉर्डिया के रोगियों को नियमानुसार माइक्रा ट्रांसकैथेटर पेसिंग सिस्टम का लाभ उपलब्ध है।

# कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में लिया बयानबाजी पर फीडबैक

देहरादून। कांग्रेस में वरिष्ठ नेताओं की बयानबाजी पर रोक लगाने के लिए पहुंचे केंद्रीय पर्यवेक्षक पीएल पूनिया ने रविवार को बंद कमरे में एक एक कर पार्टी विधायकों और जिलाध्यक्षों से मुलाकात की। पूनिया ने सभी से संगठन के काम काज और आगामी चुनावों को लेकर फीडबैक लिया। पूनिया रविवार 11 बजे कांग्रेस भवन में पहुंचे, जहां पहले उनकी करीब एक घंटे तक वरिष्ठ नेता प्रीतम सिंह से अकेले में बात हुई। इसके बाद उन्होंने सभी जिलाध्यक्षों से फीडबैक लिया। साथ ही दोपहर बाद विधायकों और विधायक प्रत्याशियों की भी राय ली। सूत्रों के अनुसार उन्होंने सभी से अनावश्यक बयानबाजी से बचने को कहा। खास बात यह है कि पूनिया के साथ ही देहरादून पहुंचे प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव ने इस दौरान कांग्रेस भवन से दूरी बनाए रखी। सूत्रों के अनुसार विवादों से बचने के लिए, यादव खुद ही अलग रहे। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि सभी नेताओं ने अपनी बात पूनिया तक पहुंचाई है।

# 'हिल की बात युवा संवाद' में छात्र-छात्राओं से सीएम धामी ने किया संवाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 17 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'हिल की बात युवा संवाद' कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्तराखण्ड की लोक परंपरा एवं संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा भाषण एवं कविता का प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इस अवसर पर बच्चों ने मुख्यमंत्री से संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिल की बात युवा संवाद कार्यक्रम में आये सभी विद्यार्थियों एवं युवाओं का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है। उनका देवभूमि उत्तराखण्ड से कर्म एवं मर्म का रिश्ता है। प्रधानमंत्री जी के 09 साल के कार्यकाल में उन्होंने उत्तराखण्ड के लिए लाखों करोड़ रूपये के कार्यों की स्वीकृतियां प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में कार्य करने का मौका मिला है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। जो भी भर्ती परीक्षाओं में धांधली करते हुए पाये गये उन पर सख्त कार्रवाई की गई।

90 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र को चुने, उसमें पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। यदि हम किसी कार्य को पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करते हैं, तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि जो भी अपना कार्यक्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में रहें।



मुख्यमंत्री से स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी इस अवसर पर संवाद किया। विकासनगर की वंशिका ने पूछा कि अभिभावकों को कैसे समझाएं कि जो हम करियर में करना चाहते हैं, वे उसमें अपनी सहमति दे दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कार्य करें, कुछ बनने के लिए नहीं बल्कि जीवन में कोई सराहनीय कार्य करने के लिए करें। आप अपने अभिभावकों को इस तरह से समझा सकती हैं, कि मैं जिस भी क्षेत्र को अपने करियर के लिए चुनूंगी, इसमें अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ कार्य करने का प्रयास करूंगी। बागेश्वर के दिव्यम कंडवाल ने पूछा कि क्या आपके जीवन में कभी ऐसे क्षण आते हैं, जब आप अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक व्यक्ति के जीवन में ऐसे क्षण बार-बार आते हैं।


राजनीति में कार्य प्रोफेशन नहीं मिशन है, इसके लिए कार्य के प्रति समर्पण बहुत जरूरी होता है। भूमिका रावत ने पूछा कि देहरादून भारत की स्कूल राजधानी है। देहरादून में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तराखण्ड के युवाओं को राज्य में रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिले। इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। ऋषिका भट्ट ने पूछा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों के लिए समय कैसे निकालें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजकल तो बच्चों का टाइम टेबल अभिभावक बना देते हैं। बच्चों को इस बात का ध्यान देना होगा कि जिस समय जो कार्य कर रहे हैं, उस समय पूरा ध्यान उस कार्य पर होना चाहिए। रिया ने पूछा कि युवाओं के लिए आपका क्या विजन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवा सिर्फ रोजगार पाने वाले न बने, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। राज्य में स्वरोजगार के अलावा हार्टिकल्चर, पर्यटन, स्टार्टअप को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक श्री दुर्गेश पंत, ओहो रेडियो से श्री आर.जे काव्य एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा उपस्थित थे।



# देहरादून, सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो अपलोड कर रही थी महिला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 अप्रैल : देहरादून से एक शर्मनाक खबर सामने आ रही है। यहां चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इस महिला ने अपने मोबाइल फोन से सोशल मीडिया पर बच्चों का अश्लील वीडियो अपलोड किया था। महिला पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है। कोतवाली के एसआई प्रदीप रावत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआई प्रदीप रावत ने बताया कि नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के तहत चाइल्ड पोर्नोग्राफी की निगरानी की जाती है। इस बीच ये पता चला कि कोतवाली क्षेत्र की बालेश्वरी देवी नाम की



महिला के मोबाइल के आईपी एड्रेस से अश्लील वीडियो को अपलोड किया गया है। हैरानी की बात ये है कि देहरादून में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का ये 1 साल के भीतर सातवां मामला है। सभी मुकदमों की जांच की जा रही है।



हालांकि अभी तक मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। आपको यहां ये भी जानकारी दे दें कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी की निगरानी केंद्र सरकार की टिप लाइन के जरिये की जाती है। टिप लाइन उन सब मामलों की निगरानी करती है, जिसमें बच्चों के पोर्न वीडियो, फोटो सर्कुलेट किए जाते हैं। इसके अलावा अगर कोई अपने मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप आदि से इस तरह के अश्लील वीडियो देखता है, तो वो भी अपराध की कैटेगरी में आता है। यहां आपको ये भी बता दें कि पिछले साल सीबीआई ने भी देहरादून में इस तरह के मामलों को लेकर दबिश दी थी। उस वक्त भी कई वेबसाइट्स को बंद कराया गया था।

# शीशमबाडा प्लांट के खिलाफ आंदोलन करेगी पछुवादून संयुक्त समिति

विकासनगर। पछुवादून संयुक्त समिति ने शीशमाबाड़ा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। संयुक्त समिति ने आम नागरिकों के साथ बैठक कर निर्णय लिया है कि प्लांट को हटाने को लेकर शासन-प्रशासन और नगर निगम जनता के साथ धोखेबाजी कर रहा है। ऐसे में कोर्ट में मजबूत पैरवी करने के साथ ही प्लांट के खिलाफ जनांदोलन किया जाएगा। जिसके तहत अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ ही देहरादून शहर से आने वाले कूडे को प्लांट में नहीं डालने दिया जाएगा। पछुवादून संयुक्त समिति ने क्षेत्र के आम नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की। जिसमें शीशमबाडा प्लांट के खिलाफ कोर्ट में लड़ी जा रही कानूनी लड़ाई का ब्योरा लोगों के सामने रखा गया। समिति के सचिव राजेंद्र राज गंगसारी ने कहा कि नगर निगम में प्लांट को अन्यत्र हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया, लेकिन तब से लेकर आज तक प्लांट के लिए कहीं जगह चिन्हित नहीं की गई। कहा कि देहरादून का सारा कूडा एकत्र कर पछुवादून के लोगों के घरों में डाला जा रहा है। अब इसे और अधिक दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोर्ट में मजबूत पैरवी करने के साथ प्लांट को हटाने का सख्त निर्णय बैठक में लिया गया है। जिसमें प्लांट के दोनों गेटों पर ताला डाला जायेगा। देहरादून से आने वाले कूड़ा वाहनों को तब तक प्लांट में घुसने नहीं दिया जाएगा जब तक प्लांट को हटाने के लिए शासनादेश नहीं होता। वहीं तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। कहा कि आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर जल्द जनांदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष चैतन्य अनिल गौड़, नीलम थापा, पूनम पंवार, नीमा जोशी, सपना, आशा कंडारी, अमित पंवार, अमित अग्रवाल, शूरवीर सिंह चौहान, जयकृति, जयदीप, मनोज पंवार, राजेंद्र बलूनी, प्रकाश भट्ट, रामसिंह, आशाराम, सैम, दीपक कुमार, कमल, किशनसिंह, राजेश, अरुण कुमार, हरिकिशोर गौड़, गणेश सकलानी, सुभाष, नरेश शर्मा, बालकिशन सहगल, राजकुमार, राम सिंह, राजेश, प्रेम कोठारी, प्रकाश भंडारी, आशुतोष चौहान, दिनेश राणा, संदीप भंडारी, जमुना प्रसाद बडोनी आदि शामिल रहे।

## विकासनगर में पुरानी पेंशन बहाली को गरजे शिक्षक-कर्मचारी

विकासनगर। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली मंच के बैनर तले रविवार को शिक्षक और कर्मचारियों ने विकासनगर में प्रदर्शन कर रैली निकाली। प्रदर्शनकारी शिक्षक, कर्मचारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन उनका अधिकार है, जिसे वे लेकर रहेंगे। रविवार सुबह नौ बजे सभी शिक्षक और कर्मचारी लक्ष्मणपुर चौक पर एकत्र हुए। चौक पर प्रदर्शन कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद सभी शिक्षक और कर्मचारी जुलूस की शक्ल में वाद्य यंत्रों के साथ मुख्य बाजार तक पहुंचे। रैली में शामिल प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री कमल सुयाल ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे। राष्ट्रीय आंदोलन पुरानी पेंशन बहाली मंच के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष गडोही ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक देश में दोहरी नीति नहीं चलेगी। विधायक और सांसद दस बार जीते तो उन्हें दस बार पेंशन मिलेगी, जबकि कर्मचारी और अधिकारियों को नई पेंशन योजना का झुनझुना थमा दिया।